# 50 राज्यों में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन

**अमेरिका में ट्रंप नीतियों पर बड़ा विरोध**

**3200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित**




**नई दिल्ली, 29 मार्च. अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध अब व्यापक जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। 'नो किंग्स नाम से चल रहे इस अभियान के तहत देशभर में लाखों लोग सड़कों पर उतर आए हैं.**

आयोजकों के मुताबिक, यह इस आंदोलन का तीसरा और अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन है, जिसमें 5 शहरों में 32 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे कस्बों और समुदायों में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे सरकार की नीतियों, खासकर इमिग्रेशन और संभावित युद्ध जैसे मुद्दों का विरोध कर रहे हैं। वहीं, इस आंदोलन को अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े एकदिवसीय शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है.

> आयोजकों का दावा है कि यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा एकदिवसीय शांतिपूर्ण प्रदर्शन बन सकता है। इस आंदोलन का यह तीसरा बड़ा चरण है. इस बार न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स और वॉशिंगटन जैसे बड़े शहरों के छोटे शहरों और कस्बों में भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए गए. जो इस आंदोलन के विस्तार को दर्शाता है. मिनेसोता के सेंट पॉल स्थित स्टेट कैपिटल में आयोजित मुख्य रैली में करीब एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद जताई गई. इस रैली में मशहूर कलाकार ब्रूस स्प्रिंगस्टीन और जोआन बाए? के शामिल होने की भी चर्चा है.

## विमान लैंडिंग के समय युवक ने दरवाजा खोलने का किया प्रयास, हिरासत में

**वाराणसी.** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार रात बेंगलुरु से आ रही इंडिगो विमान का दरवाजा एक युवक द्वारा खोलने का प्रयास किया गया। पायलट ने इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा युवक से पूछताछ के बाद उसे फूलपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-185 बेंगलुरु से रात्रि 8 बजे उड़ी थी। अदनान ने सफर शुरू होते ही एक बार दरवाजा खोलने का प्रयास किया था.

# 9 वर्षों में 9 लाख नौकरियां, यूपी बना ग्रोथ इंजन

## आज यह देश-दुनिया के निवेशकों के लिए प्रमुख केंद्र बन गया : योगी

**लखनऊ, 29 मार्च. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं.**



उन्होंने कहा कि कभी बीमारू कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है और शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य की स्थिति ऐसी थी कि कर्मचारियों को वेतन देने में भी कठिनाई होती थी, लेकिन आज प्रदेश राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) की स्थिति में पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 217 से पहले यह क्षेत्र क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता था.

> जबकि आज यह देश-दुनिया के निवेशकों के लिए प्रमुख केंद्र बन गया है। जेवर एयरपोर्ट परियोजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे करीब एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफवाहों और दुष्प्रचार को लेकर भी लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व झूठी खबरें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि प्रदेश में सभी व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि हर चरण पर सख्त निगरानी रखी जाती है और गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होती है.

# 115 गायकों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## 54 घंटे लगातार 575 गीत प्रस्तुत कर एक कीर्तिमान स्थापित किया

- एक्सीलेंस इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया
- प्रसिद्ध अभिनेत्री निर्देशक और निर्माता श्वेता शिंदे शामिल थी

**पुणे, 29 मार्च. विश्व रिकॉर्ड बनाने की एक पहल के तहत 115 गायकों ने 54 घंटे तक लगातार 575 गीत प्रस्तुत कर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया. स्वामिनी म्यूजिक अकादमी और वेलेंटिना वूमेन एम्पावरमेंट के संयुक्त तत्वावधान में बाल गंधर्व, पुणे में आयोजित इस कार्यक्रम को एक्सीलेंस इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.**

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को आयोजकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें अखिल भारतीय मराठी फिल्म कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष मेघराज राजेभोसले तथा प्रसिद्ध अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता श्वेता शिंदे शामिल थीं. एकॉर्डियन वादक अनिल गोडे को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से विशेष रूप से सम्मानित किया गया.

### पुष्पा ने सम्मान समारोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

जानी-मानी अभिनेत्री एवं गायिका पुष्पा चौधरी ने इस विश्व रिकॉर्ड कार्यक्रम और सम्मान समारोह के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर भूमाता ब्रिगेड की संस्थापक और सामाजिक कार्यकर्ता तृप्ति देसाई, पार्षद रेशमा बाराटे, वेलेंटिना इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आबासाहेब चोर्घ्ये, संतोष बांदल, संदीप पवार और अश्विनी पवार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और कलाकारों तथा आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पुष्पा चौधरी के साथ-साथ मकरंद पाटणकर, ऋषिकेश महाले, मोनाली दुबे, प्रीति पेठकर, गीतांजलि जेधे, राजू काजे, संदीप पंचवटकर, रविंद्र शालू, संजय मराल, प्रतीक्षा चंदाने, अजय राव और पपीश लालगुंकर सहित कई गायकों ने भी मधुर प्रस्तुतियां दीं.

## कोच्चि में बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़

**कोच्चि, 29 मार्च.** केरल में कोच्चि शहर के एक पांच-सितारा होटल में ड्रग्स के खिलाफ चलाए गए एक बड़े अभियान में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें एक डॉक्टर, एक वकील और एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी का मालिक शामिल है। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए होटल में छापा मारा और आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शाजी फर्नांडो (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी का मालिक), ऑस्टिन जोस , वकील रोहित नायर, जीनो मुरली, अकबर शाह (न्यूट्रिशनिस्ट), सैथलवी फातिमा (फिजियोथेरेपिस्ट) और अमल रऊफ (एविएशन छात्र) के रूप में हुई है.

# बर्फबारी-बारिश का अलर्ट जारी



- रोहतांग-लाहौल में बर्फ, मैदानों में तेज बारिश

**शिमला, 29 मार्च.** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार बारिश का दौर शुरू हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने 29 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि, तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। अटल टनल रोहतांग के आसपास बर्फबारी के चलते प्रशासन ने पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। लाहौल-स्पीति में भी बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 4 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावना है.

## एक ही समुदाय के बीच हिंसक झड़प के बाद तनाव

**बुलंदशहर.** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के शिकारपुर कस्बे में नमाज के बाद मस्जिद के इमाम को हटाने के विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच हुये खूनी संघर्ष के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. तेजवीर सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार अपराह्न कस्बा शिकारपुर स्थित डोरी वाली मस्जिद में नमाज के बाद इमाम को हटाने के मुद्दे पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और मामले में एफआईआर दर्ज की.

## आज का इतिहास

1899 - ब्रिटिश वकील सीरिल रैडक्लिफ का जन्म। इन्होंने भारत-पाकिस्तान विभाजन की रेखा तैयार की थी।

1908 - भारतीय महिला निशानेबाज खिलाड़ी यशस्विनी सिंह देसवाल का जन्म।

1908 - भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का जन्म।

1919 - महात्मा गांधी ने रॉलेक्ट ऐक्ट के विरोध की घोषणा की।

1949 - राजस्थान राज्य की स्थापना। जयपुर को राजधानी बनाया गया।

1981 - अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर एक बंदूकधारी ने वॉशिंगटन में गोली चलाई। घटना में 70 वर्षीय रीगन गंभीर रूप से

## नीतीश ने मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दीं शुभकामनाएं



**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार परीक्षा में 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुये हैं. इसमें छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 86.23 है, जबकि छात्रों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 84.9 है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है.

# पूर्व मंत्री भुल्लर पर शिकंजा, 3 दिन की रिमांड पर

- रंधावा सुसाइड केस

**अमृतसर, 29 मार्च. पंजाब के चर्चित डीएम गगनदीप सिंह रंधावा आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अमृतसर की अदालत ने उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, जिससे मामले की जांच और तेज हो गई है.**



इससे पहले भी पुलिस भुल्लर से पांच दिन तक पूछताछ कर चुकी है और इस दौरान जुटाए गए सबूत कोर्ट के सामने पेश किए गए।

रंधावा ने 21 मार्च को अपने घर में आत्महत्या की थी, जिसके बाद पुलिस ने भुल्लर, उनके पिता और निजी सहायक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया था। इस मामले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। अब पुलिस रिमांड के दौरान कई अहम खुलासों की उम्मीद की जा रही है, जिससे पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकती है.

> डीएम गगनदीप सिंह रंधावा आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को अमृतसर की अदालत ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए समय मांगा था, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। यह मामला 21 मार्च को सामने आया था, जब वेयरहाउस के डीएम गगनदीप सिंह रंधवा ने अपने घर में आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद पुलिस ने भुल्लर, उनके पिता और उनके पीए के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने भुल्लर को फतेहगढ़ साहिब पुलिस की मदद से मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया था। पांच दिन की रिमांड के दौरान उनसे कई महत्वपूर्ण सवालों पर पूछताछ की गई और मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाए गए.

# अपहरण और हत्या के संबंध में पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया

**जोहान्सबर्ग, 29 मार्च.** दक्षिण अफ्रीका में बुद्धिजीवी स्टीवन ग्रुज्ड के अपहरण और हत्या के संबंध में पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि अपहरण के पीछे कोई यहूदी विरोधी (एंटीसेमिटिज्म) मंशा थी। श्री ग्रुज्ड भारत-अफ्रीका संबंधों में विषेज्ञता रखते थे, वह ब्रिक्स के नीतियों पर भी गहरी पकड़ के लिए जाने जाते थे। उनके शोध और विचारों ने भारत-अफ्रीका के बीच कूटनीतिक संबंधों को समझने और उन्हें प्रगाढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक के रूप में ख्याति प्राप्त श्री ग्रुज्ड शुक्रवार को मृत पाए गए थे। इससे पहले गुरुवार की शाम जोहान्सबर्ग में एक बैठक में शामिल होने के बाद उनका अपहरण कर लिया गया था. पुलिस के अनुसार, यह अपहरण एक्सप्रेस किडनैपिंग के पैटर्न जैसा लगता है, जिसमें तुरंत भुगतान के लिए छोटी फिरौती मांगी जाती है.

# केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा : मोदी

- पलक्कड़ में गरजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- पारंपरिक मुंडू में मोदी, जनता से जुड़े सीधे



**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

**पलक्कड़, 29 मार्च.** केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केरल के पलक्कड़ पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल वेशभूषा मुंडू (धोती) पहने नजर आए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें केरल में एक नई ऊर्जा और बदलाव की लहर महसूस हो रही है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय राज्य की जनता और भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि कई कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हिंसा के कारण अपने प्राण गंवाए हैं और उन्होंने मंच से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल अब बदलाव का संदेश दे रहा है।

उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और लोगों का भरोसा भाजपा पर मजबूत हो रहा है। उन्होंने सभा में मौजूद भारी भीड़ को इस बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ चुनावी माहौल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने पलक्कड़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पलक्कड़ को केरल का प्रवेश द्वार कहा जाता है और यहां की हरियाली, परंपराएं और मेहनतकश लोग इसे विशेष बनाते हैं।

उन्होंने कल्पथी मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी तुलना अक्सर काशी से की जाती है और काशी से सांसद होने के नाते यह उनके लिए विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने केरल की सामाजिक और आध्यात्मिक विरासत को भी नमन किया.

### हटाये गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

**कोलकाता, 29 मार्च.** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है.

### असम चुनाव में कांग्रेस ने घोषणा-पत्र जारी किया

**नई दिल्ली.** असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को नाओबोइचा से औपचारिक अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनावों के लिए घोषणापत्र भी जारी कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और इसे डबल इंजन नहीं, डबल धोखा और डबल भ्रष्टाचार की सरकार बताया। श्री खरगे ने केंद्र और राज्य नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अली बाबा दिल्ली में बैठा है और उसके 40 चोर पूरे देश में फैले हैं, जिन्हें जनता को वोट से हराना होगा. कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र भी जारी किया और इसे असम के कायाकल्प का दस्तावेज बताया गया.

## तमिलनाडु में जारी की 17 उम्मीदवारों की अंतिम सूची

**चेन्नई.** तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व कर रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने रविवार को 17 उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी। तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल मतदान होगा और इसके लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है। इस बीच अन्ना द्रमुक अपने 53 साल के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा का सामना कर रही है। पार्टी की ओर से जारी की गयी इस सूची में पार्टी ने पूर्व मंत्रियों और दिग्गज नेताओं को उनकी पारंपरिक सीटों से मैदान में उतारा है.

### खरगे ने कांग्रेस की पांच गारंटियों का किया ऐलान



**नाओबोइचा, लखीमपुर, असम.** असम विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को राज्य में अपनी पार्टी की पांच प्रमुख गारंटियों का एलान किया। इनमें महिलाओं के लिए मासिक नकद सहायता, व्यवसाय में मदद, सभी परिवारों के लिए 25 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा और वरिष्ठ नागरिकों को मासिक पेंशन शामिल हैं। कांग्रेस ने 10 लाख स्वदेशी लोगों को स्थायी भूमि पट्टा देने और जुबीन गर्ग मौत मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित करने का भी वादा किया। खरगे ने भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और भय का माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को नकली मुख्यमंत्री बताते हुए पार्टी के कथित दुर्व्यवहार को उजागर किया। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार बनने पर राज्य में विकास, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में आयोजित रैली में अपनी पार्टी की ओर से पांच प्रमुख गारंटियों का एलान किया.

### बंगाल चुनाव : चुनाव आयोग ने 83 अधिकारियों का तबादला किया

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है। नंदीग्राम में दो प्रखंड हैं जहाँ से बीडीओ को हटाया गया है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी नंदीग्राम से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्वी मिदनापुर के बाद दक्षिण 24 परगना का नंबर आता है.

# बम होने की अफवाह फैलाने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मुंबई, 29 मार्च. मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब उसने जहाज में बम होने का शोर मचाकर दहशत फैला दी.**

पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना 25 मार्च को सुबह करीब 1 बजे इंडिगो की उड़ान 6ई 355 (मुंबई-दिल्ली) के लिए बोर्डिंग के दौरान गेट नंबर 51 पर हुई। सहार पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी शांति कोठारी ने चिल्लाना शुरू कर दिया, गाजियाबाद की फ्लाइट में मत जाओ, इसमें बम है। इससे यात्रियों और एयरलाइन कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। शांत कराने की कोशिशों के बावजूद, सुश्री कोठारी ने कथित तौर पर उकसाने वाली टिप्पणी करनी जारी रखी, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और हवाई अड्डा सुरक्षा को हस्तक्षेप करना पड़ा। हवाई अड्डा एजेंसियों ने औपचारिक शिकायत दर्ज करने से पहले एक सुरक्षा बैठक की। पुलिस ने सुश्री कोठारी के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने, आपराधिक धमकी और सार्वजनिक उपद्रव करने के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उनकी पृष्ठभूमि की पुष्टि की जा रही है.

# 'एम्स पटना' ने एक परिवर्तनकारी कार्यशाला का किया आयोजन

- डॉक्टरों और नर्सिंग अधिकारियों ने लिया हिस्सा

**पटना, 29 मार्च. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के नियोनेटोलॉजी विभाग ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) के साथ मिलकर 28 मार्च, 2026 को बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन ट्रेनिंग-ऑफ-ट्रेनर्स (एनआरपी-टॉट)% नामक एक परिवर्तनकारी कार्यशाला का आयोजन किया.**

नवजात शिशु जब इस दुनिया में प्रवेश करते हैं, तो उनके शुरूआती कुछ पल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। जीवन के इन्हीं शुरुआती, बेहद नाजुक पलों में एक नवजात शिशु के अध्ययन से संबंधित विषय पर एक-दिवसीय गहन और व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आयोजित इस कार्यशाला के दौरान कक्षाओं को बिल्कुल वास्तविक %सिमुलेटेड डिलीवरी रूम% का रूप दे दिया गया था, जिसमे डॉक्टरों और और नर्सिंग अधिकारिओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

इसमें हिस्सा लेने के लिए आये प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन जैसी परिस्थितियों का सामना किया और %पेरिनाटल एस्फिक्सिया% से निपटने के जीवनरक्षक उपायों में महारत हासिल की, जो भारत में नवजात मृत्यु दर का एक बड़ा कारण है.

**कार्यक्रम** | आमजन रहे जागरूक, तेल और गैस को लेकर अफवाहों के बहकावे में ना आएं

# अफवाहों से बचें, ईंधन पर न घबराएं : भजनलाल

**जयपुर, 29 मार्च. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत एक दशक से अधिक समय में देश का सामर्थ्य बड़ा है और मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाने के लिए जरूरी कदम भी उठाए गए हैं.**



इस समय लोगों को किसी बहकावे में नहीं आना चाहिए. श्री शर्मा ने जयपुर के जमवारामगढ़ में पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और इस अवसर पर यह बात कही.

उन्होंने कहा कि हमारा देश मौजूदा परिस्थितियों का एकजुटता से मुकाबला कर रहा है. सभी आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं. मन की बात के इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि जयपुर के किसान मुरलीधर पहले खेती के लिए डीजल पम्प पर निर्भर थे, जो काफी महंगा पड़ता था.

अब उन्होंने सोलर पम्प अपनाकर ईंधन की चिंता से मुक्ति पाई है और समय पर सिंचाई होने से उनकी सालाना आय भी बढ़ गई है. इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही जनता की सेवा के संकल्प पर कार्य करना शुरू कर दिया था.

> अब तक पेश किए गए बजटों में गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों एवं सभी विस क्षेत्रों को उनकी विभिन्न विकास सौगातें दी गई हैं. सरकार में युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ लेकिन हमने पेपरलीक पर लगाम लगाकर भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाते हुए अब तक 1.25 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं वहीं 1.35 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं.